


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 246 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 22 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया

## सरकारी शिक्षकों के लिए नया ई गवर्नेंस प्लेटफार्म तैयार

### टीचर्स की उपस्थिति से लेकर अवकाश तक होंगे दर्ज, स्कूलों से गायब नहीं रह पाएंगे?

**भोपाल/मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग में इन दिनों टीचर्स के लिए नित नई तकनीकी कवायदें की जा रही हैं। इसके अंतर्गत नया ई गवर्नेंस प्लेटफार्म भी तैयार किया गया है। नए प्लेटफार्म में टीचर्स की उपस्थिति से लेकर अवकाश तक दर्ज होंगे। इतना ही नहीं, इसमें पेंशन व भत्तों आदि का भी ब्यौरा होगा।




खास बात यह है कि नए प्लेटफार्म के चालू हो जाने के बाद कई ऐसे टीचर्स पर कार्रवाई की तलवार लटक जाएगी जिनकी स्कूलों से गायब रहने की शिकायतें हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार टीचर्स की ई अटेंडेंस भी इसमें फीड कराई जाएंगी जिससे स्कूलों से गायब रहना मुश्किल होगा। शिक्षा विभाग ने एजुकेशन 3.0 पोर्टल शुरू किया है। जिसपर नया ई गवर्नेंस प्लेटफार्म 'हमारे शिक्षक' डेवलप किया गया है। अब सभी टीचर्स के भत्ते, सर्विस रिकार्ड सहित तमाम ब्यौरे इस प्लेटफार्म पर अपडेट होंगे। टीचर्स की उपस्थिति व छुट्टी का ब्यौरा भी दर्ज होगा। नया ई गवर्नेंस सिस्टम हमारे शिक्षक कल अर्थात 23 जून से लागू किया जा रहा है। सिस्टम के एक्जीक्यूशन का 30 जून तक ट्रायल लिया जाएगा। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों में 01 जुलाई से टीचर्स की ई अटेंडेंस व अन्य जानकारी इसी में फीड कराई जाएंगी।

लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने राज्य के सभी कलेक्टरों, संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखा है। हमारे शिक्षक प्लेटफार्म में टीचर्स के स्वत्वों का भुगतान, अवकाश, अवकाश स्वीकृति, वेतन वृद्धि, परिवीक्षा अवधि, क्रमोन्नति, समयमान वेतन, प्रशिक्षण आदि भी जोड़ दिया जाएगा।

### स्कूलों से गायब रहने वाले शिक्षको पर ले सकेंगे एक्शन...

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि नई व्यवस्था से प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा टीचर्स पर एक्शन लिया जा सकेगा, जोकि स्कूलों से गायब रहते हैं। सिस्टम से टीचर्स की रिपोर्ट आसानी से मिलने से उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी। स्कूलों में किराए के टीचर पदस्थ कराने वाले भी नहीं बच सकेंगे।

# अब शहर के डबरे दे रहे तनाव..!

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस। बारिश के दौर में शहर में जगह-जगह भरे पानी के डबरों में मच्छरों के लार्वा पनपने का खतरा अभी से बढ़ गया है। मानसून की शुरुआत में ही जमा हो रहा पानी मछरजनित बीमारियों को निमंत्रण दे रहा है। शहर की अविकसित कॉलोनियों में खाली प्लाटों एवं घनी आबादी क्षेत्र में यह समस्या अधिक है। फिलहाल स्वास्थ्य विभगा और नपा ने अभी इससे निपटने की शुरुआत नहीं की है।**



शहर की घनी आबादी और निचली बस्तियों में जाम पड़ी नालियों, सड़क किनारे गड्ढों और खाली जगहों पर जमा गंदे पानी में घातक लार्वा पनपने का खतरा बढ़ गया है। इनके मच्छर में तब्दील होने पर बीमारी बढ़ने की आशंका बढ़ती ही जा रही है। मौसम में नमी से लार्वा को पलने और बढ़ने का मौका मिल रहा है। 16 से 36 डिग्री सेंटीग्रेट तापमान लार्वा का जीवन चक्र पूरा करने के लिए पर्याप्त होता है। और अभी यही स्थिति रहने से बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। मलेरिया विभाग व नगर पालिका के जिम्मेदार अभी भी सोए हुए हैं। जगह-जगह एकत्र गंदे पानी व नालों में मच्छरों की पैदावार रोकने के कोई उपाय नहीं हो रहे हैं। कई क्षेत्रों में अभी से ही आम लोगों को इसका डर सताने भी लगा है।

### बारिश में खाली प्लाटों में पल रही बीमारी

### इन क्षेत्रों में अधिक खतरा...

शहर में घनी बस्तियों व अविकसित कॉलोनियों जैसे जनकूपुरा, जगतपुरा, खानपुरा, शहर क्षेत्र, संजीत नाका क्षेत्र की कॉलोनियां, अभिनंदन परिक्षेत्र, स्नेह नगर क्षेत्र में खाली जगहों पर जमा पानी में मच्छरों के लार्वा पनपने का खतरा ज्यादा बढ़ रहा है। विभाग के जिम्मेदारों द्वारा अब तक इन जगहों पर दवाइयों का छिड़काव नहीं किया गया है, जिससे आने वाले माह में इन क्षेत्रों में लोगों को बीमारी फैलने का डर सताने लगा है।



### इस तरह करें मलेरिया से बचाव...

✻ मच्छरों को नष्ट करने के लिए डीडीटी का छिड़काव करें। डीडीटी न मिलने पर अन्य विधि का उपयोग करें। ✻ नालियों, पानी की टंकी, गमले में पानी इकट्ठा न होने दें। ✻ सप्ताह में एक बार पानी से भरी टंकियों, मटके व कूलर को खाली कर सूखा दें। ✻ पेयजल स्त्रोतों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता से टेमोफोस दवा का छिड़काव कराएं। ✻ पानी जमा होने से रोका नहीं जा सके तो केरोसिन या जला हुआ तेल छिड़के।




## बड़े अस्पताल में एसडीपी मशीन लगाने की मांग ने फिर जोर पकड़ा

### उपचार के लिये लोगों को जाना पड़ रहा उदयपुर- झालावाड़, सांसद की घोषणा के बाद भी नहीं लगी एसडीपी मशीन

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** बीते साल 11 नवंबर 2024 को नगर की जनता ने एसडीपी मशीन लगाने की मांग को लेकर गांधी चौराहा से लेकर बीपीएल चौराहा तक रैली निकालकर बड़े अस्पताल पहुंचकर सांसद सुधीर गुप्ता को एक ज्ञापन दिया था। श्री गुप्ता ने सांसद निधि से बड़े अस्पताल में एसडीपी मशीन लगाने के लिए राशि देने की घोषणा की थी।

बता दे कि वर्ष 2024 में करीब 400 लोग डेंगू पॉजिटिव हुए थे। अधिकांश लोगों ने इंदौर, उदयपुर, झालावाड़ जाकर इलाज कराया था। डेंगू से दो लोगों की मौत हुई थी, पर इसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं की गई थी। मंदसौर नगर के समाजसेवी कपिल मावर ने बताया कि हमारे यहां एसडीपी मशीन लंबे समय से नहीं है और मलेरिया विभाग द्वारा भी कई स्थानों पर डेंगू की बीमारी से जागरूकता को लेकर संदेश भी लिख रखे है। डेंगू की वजह से पिछले सालो में कई लोगों ने अपनी जान गवाई थी।

विधायक प्रतिनिधि कमलेश जैन ने कहा कि डेंगू की बीमारी से पिछले साल भी कई लोगों की जान गई थी। इस मामले में बड़े अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ बीएल रावत ने बताया कि एसडीपी मशीन लगाने को लेकर प्रक्रिया जारी है। टेंडर प्रक्रिया चल रही हैं। जल्द से जल्द अस्पताल में एसडीपी मशीन लग जाएगी।

## मानसून : तीन दिन बाद खिली धूप

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** मानसून के आगमन के साथ ही बीते तीन दिनो से बादलों का डेरा था। बारिश का दौर कभी बूंदाबांदी तो कभी झमाझम के रूप में चला। हालांकि, तीसरे दिन शनिवार को मौसम परिवर्तन हुआ। दोपहर तक बादल छाए रहे। इसके बाद धूप खिली। इधर मानसूनी बारिश ने पूरे मध्यप्रदेश को तरबतर कर दिया है। नदी-नाले उफान पर होने से कई रास्ते बंद हो गए हैं। शुक्रवार को शिवपुरी में उफनती पुलिया पार कर रहा ट्रैक्टर बह गया। गनीमत रही कि ट्रैक्टर सवार चार लोगों को बचा लिया गया। धार जिले के मांडू की खुद नदी में एक युवक डूब गया। वहीं, ग्वालियर में सड़क ही धंस गई। 20 से ज्यादा जिलों में सुबह से रात तक बारिश का दौर चलता रहा। ऐसा ही मौसम अगले 24 घंटे यानी शनिवार को भी बना रहा। मौसम विभाग ने पूर्वी हिस्से के जिले-सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 24 घंटे में 04 से 8 इंच तक पानी गिर सकता है।

### खरीफ फसल की संभावना अच्छी...

मानसून की सक्रियता से किसानों में उत्साह है। खरीफ सीजन की संभावनाएं अच्छी दिख रही हैं। खेतों में नमी आते ही किसानों ने बोवनी शुरू कर दी है। बाजारों में छाते, प्लास्टिक की पाल और बरसाती जैकेट की मांग बढ़ी है। दुकानदारों के अनुसार बारिश के पहले दौर से ही लोग खरीदारी कर रहे हैं।

### इन सिस्टम की वजह से ऐसा मौसम...

प्रदेश के ऊपर से एक लो प्रेशर एरिया (कम दवाब का क्षेत्र) गुजर रहा है। वहीं, पश्चिमी हिस्से में ट्रफ की एक्टिविटी है। ये दोनों ही सिस्टम स्ट्रॉन्ग है। इस वजह से पूर्वी और उत्तरी हिस्से में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ भी सक्रिय है, जो पूरे प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश करा रहे हैं।

## लेडी डॉक्टर के निलंबन की चर्चा चली, सीएमएचओ ने नकारा

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार सुबह सोश्यल मीडिया पर एक चर्चा चल पड़ी कि बड़े अस्पताल की एक लेडी डाक्टर को निलंबित कर दिया गया है। लेकिन, इस चर्चा पर विराम लगाते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ जीएस चौहान ने स्पष्ट किया है कि चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रीति मानावत के विरुद्ध निलंबन जैसी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर जो भ्रामक जानकारियां प्रसारित की जा रही हैं, वे तथ्यात्मक रूप से गलत हैं।

बता दें कि शनिवार को कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें डॉ प्रीति मानावत के विलंब से पहुंचने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया था। उनकी देरी को लेकर कुछ अफवाहें फैल गई थीं कि उन्हें निलंबित कर... शेष पेज 4 पर




## मेलखेड़ा में भू माफिया के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन

**शामगढ़, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** कथित भू माफिया के खिलाफ प्रशासन के सहयोग से शासकीय जमीन हथियाने का आरोप लगाते हुए मेलखेड़ा के लोगों ने चक्काजाम कर दिया। इसके लिए बकायदा अनाउंस करवाकर दुकानें बंद करने का आव्हान किया गया। इस दौरान पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंचा।

मिली जानकारी के अनुसार मामला शिव मंदिर के खेत पर जाने की जमीन को लेकर है। यहां 36 फीट चौड़े और ढाई सौ फीट लंबे रास्ते पर एक भू माफिया द्वारा अतिक्रमण किए जाने का आरोप है। इसमें प्रशासन के कुछ लोगों का सहयोग भी होने की बात कहीं गई। इसको लेकर एनाउंस करवाकर दुकानदारों से दो घंटे दुकानें बंद रखने की अपील की गई। इसके बाद गरोठ-मेलखेड़ा रोड पर चक्काजाम करने के लिए लोग जमा हुए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। अधिकारियों ने प्रदर्शन करने वाले लोगों से बात कर उन्हें समझाईश दी। जांच के आश्वासन पर लोग माने।

## बोवनी के लिये बीज नहीं, किसानों ने दिया धरना

**शामगढ़, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर में शनिवार को किसानों ने सरकारी निःशुल्क बीज वितरण में अनियमितता के आरोप लगाते हुए बसस्टैंड पर प्रदर्शन किया। कई ग्राम पंचायतों के किसान बीज लेने ग्राम सेवक प्रद्युम्न मौर्य के पास पहुंचे। ग्राम सेवक ने बीज के कट्टे खत्म होने का हवाला देकर वितरण से इनकार कर दिया।

**शिव हनुमान मंदिर रोड़ पर किसानो ने दिया धरना–**बीज के कट्टेन मिलने से नाराज किसान शिव हनुमान मंदिर रोड पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने ग्राम सेवक पर बीज वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाया। किसानों ने सड़क जाम कर दी और ग्राम सेवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**समझाइश के बाद माने किसान–** थाना प्रभारी धमेंद्र शिवहरे ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। ग्राम सेवक ने फोन उठाना बंद कर दिया था। नायब तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की मध्यस्थता के बाद किसानों ने अपना आवेदन सौंपा और धरना खत्म किया। बाद में में बीज का वितरण किया गया।




## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: अच्छे स्वास्थ्य के लिए बढ़ाया कदम

### जनप्रतिनिधियों, अधिकारियो के साथ आमजन ने किया योग



**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर में शुक्रवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मुख्य आयोजन संजय गांधी उद्यान में हुआ। थीम रही 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य।' कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, कलेक्टर अदिति गर्ग, पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और आमजन शामिल हुए। सभी ने योगासन किए।

जिला स्तरीय आयोजन में आयुष विभाग के तहत योग गुरु सुरेंद्र जैन ने सभी को योग करवाया। नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और आम लोगों ने सामूहिक योग किया। दशपुर विद्यालय, सुभाष इंग्लिश स्कूल, मध्यप्रदेश बटालियन और एनसीसी मंदसौर के छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। अंत में छोटे बच्चों ने स्केटिंग शूज पहनकर देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि योग अपने आप को स्वयं से जोड़ने का अवसर है, समाज से जोड़ने का अवसर है, राष्ट्र और दुनिया से जोड़ने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग दिवस के महान अवसर को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया है। आज सारी पृथ्वी अपने आप से जोड़ने के इस महान अवसर का लाभ ले रही है। सभी स्वस्थ और प्रसन्न होने के भाव से अपनी इस दुनिया को देख पा रहे हैं।

जिले के सभी तहसील मुख्यालयो के साथ ही अन्य स्कूलो में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियो, नेताओ, अधिकारियो, कर्मचारियो ने योग कर फिटनेस का परिचय दिया।

### सामूहिक योग से मिला अच्छा संदेश–कलेक्टर

कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें योगासन, योग मुद्रा के साथ योग के लाभ पर चर्चा हुई। सभी लोगों ने मिलकर सामूहिक योग किया। सांसद और राज्यसभा सांसद की मौजूदगी में योग कार्यक्रम सफल हुआ। इस दौरान करीब 200-300 लोग मौजूद रहे।

### नीमच में भी योग्याभ्यास...

इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर मनाया गया। नीमच में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सीएसवी अग्रवाल भवन में किया गया। बारिश की संभावना के चलते कार्यक्रम को भवन के अंदर रखा गया। कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और एसपी अंकित जायसवाल सहित कई अधिकारी शामिल हुए। आयोजन में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्वयंसेवी संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम स्थल पर प्रोजेक्टर और एलईडी स्क्रीन लगाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आंध्र प्रदेश से और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भोपाल से सीधा प्रसारण दिखाया गया।

### जगद्गुरु शंकराचार्यजी ने लेह में किया योग...

ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री ज्ञानानंदजी सरस्वती अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने 21 अगस्त शनिवार को लेह 'लद्दाख' पहुंचे। स्वामीजी के विशेष आतिथ्य में महाबोधि अंतरराष्ट्रीय ध्यान केन्द्र द्वारा विश्व की सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित लेह में योग के जिज्ञासु छात्रो, आर्मी अधिकारियो, कार्पोरेट, वरिष्ठ नागरिको, पुलिस, स्वास्थ्य कर्मियो और विधि विशेषज्ञो के लिए योग एवं मेडिटेशन फेस्टीवल आयोजित किया गया है।



# आप लोगों का हौसला में क्या बढ़ाऊंगी आपने मेरा हौसला बढ़ाया है-कलेक्टर

## पशुपतिनाथ मंदिर स्थित आराधना हॉल में हुआ यौगिक क्रियाओं का अभ्यास

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर स्थित आराधना हाल में भी योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पतंजलि योगपीठ के महेश कुमावत द्वारा यहां प्रोटोकॉल व अन्य यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया, पतंजलि के सैकडो सदस्य यहां उपस्थित रहे। अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ आराधना हाल में बच्चों द्वारा योगासन का प्रदर्शन किया गया जिसे देख कलेक्टर श्री गर्ग ने बोला इतना अच्छा योग प्रदर्शन रहा मुझे यहां तक पहुंचने में 10-20 साल लग जाएंगे। बहुत अच्छा लगा आप लोग यहां आए व इस परिसर में आकर अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया और लोगों को केवल योग के लिए नहीं स्वास्थ्य के लिए भी आपने प्रेरित किया। सभी मेरी शुभकामनाएं आप लोगों का हौसला मैं क्या बढाऊंगी। आपने मेरा हौसला बढाया है मैं बच्चों के गुरु को बहुत शुभकामनाएं देती हूं ऐसे ही देश में प्रेरणा बनके रहना है, योग से न केवल समाज बल्कि स्वयं में भी ऊर्जा का संचार बढता है। इस दौरान डीपीसी श्री शुक्ला, मंदिर प्रबंधक राहुल रुनवाल, जिला आयुष अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## जिला स्तर पर विद्युत शिकायत हेतु इन दो नम्बरों पर सम्पर्क करें

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** सहायक यंत्री पियूष पंवार ने बताया कि वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को क्षेत्रीय कॉल सेंटर से जोडने हेतु जिला मुख्यालय स्थित विद्युत शिकायत केंद्र के लैंडलाइन फोन नंबर की सुविधा से अवगत कराया जाता है कि मंदसौर नगर में उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु दो फ्यूज कॉल सेंटर संचालित है जिसमें स्टेडियम मार्केट फ्यूज कॉल सेंटर दूरभाष क्रमांक: 07422- 244227 और घंटाघर फ्यूज कॉल सेंटर दूरभाष क्रमांक: 07422-231240 उपरोक्त दोनों केंद्रों पर विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा बिजली संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है, जो तत्परता से निराकृत की जाती है।

# भाजपा ने मनाया जिले के समस्त मंडलो में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एंव प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के मार्गदर्शन में एंव भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के 21 मंडलो में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मन्दसौर दक्षिण मंडल में अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, मंदसौर ग्रामीण मंडल में अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, मल्हारगढ मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, सुवासरा मंडल में अतिथि के रूप में विधायक हरदीपसिंह डंग, गरोठ मंडल में अतिथि के रूप में विधायक चन्दरसिंह सिसोदिया, मन्दसौर उत्तर मंडल में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, भैसोदा मंडल में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड, मेलखेडा मंडल में अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति दुर्गा पाटीदार, पिपल्यामण्डी मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मगरामाताजी मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, गुर्जरबर्डिया मंडल में अतिथि के रूप में पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, दलौदा मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह आंजना, भानपुरा मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सेठिया, धुधंडका मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराजसिंह राणा, बूढा मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री नरेन्द्र पाटीदार, सीतामऊग्रामीण मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजु चावला, खडावदा मंडल में अतिथि के रूप में पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष रणजीतसिंह चौहान, शामगढ मंडल में अतिथि के रूप में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनिल पटेल, कयामपुर मंडल में अतिथि के रूप में अभियान जिला प्रभारी एंव भाजपा वरिष्ठ नेता जगदीश परमार, सीतामऊ मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा नेता नरेश चंदवानी, बसई मंडल में अतिथि के रूप में भाजपा नेता अर्जुन सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश नामदेव, राजेश पालीवाल, भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री अजय तिवारी, भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री राहुल मुजावदीया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विक्रमसिंह चौहान, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन शर्मा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक माँदलिया, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजु गौड, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष लालसिंह डुंगावत, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम जाट, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश परमार, भाजपा नेता अजयसिंह चौहान, हिम्मत डांगी, राजेश चौधरी, पारस मावर, अंत्योदय प्रकोष्ठ जिला संयोजक पुलकीत पटवा युवा मोर्चा जिला महामंत्री बन्टी चौहान, किसान मोर्चा जिला महामंत्री योगेन्द्र सिंह चुण्डावत, श्यामसिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्षगण उमेश पाटीदार, आदित्य मंगरोलिया, गोकुलसिंह चौहान, सीताराम चारण, महेन्द्र पहाडिया, नीलकमल मेहता, दिलीप सिंह तरनोद, जुझार सिंह गुर्जर, धनसुख पाटीदार, जितेन्द्र बामनिया, महेंद्र सिंह गौड़, राजेश धाकड, भेरूलाल सेन, राकेश पाटीदार, आशीष विजयवर्गीय, विकास सुराणा, गोपाल पाटीदार, नेपाल सिंह सिसोदिया सहित पदाधिकारीगण एंव कार्यकर्तागणों के साथ अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर साबाखेड़ा के सांदीपनि विद्यालय में किया योगाभ्यास व पौधारोपण



**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा में योगाभ्यास किया एवं विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अजय सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष श्री नेपाल सिंह सिसोदिया, श्री निहालचंद मालवीय, जनपद सदस्य बंसीलाल धनगर, ग्राम पंचायत साबाखेड़ा के सरपंच श्री परमानंद धनगर, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से श्री नरेंद्र धनोतिया, श्री सुरेंद्र संघवी, श्री दिलीप परमार, आरोग्य भारती संस्था से डॉ. जवाहर सिंह मंडलोई, डॉ मुकेश कुमावत, श्री कृष्णलाल आर्य ने भी बच्चों को योग क्रियाएं सिखाई व बताया कि नियमित योग करने से शरीर निरोगी रहता है एवं स्फूर्ति आती है। प्रारंभ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.श्री मोहन यादव के लाइव उद्बोधन को सभी ने सुना उसके पश्चात शाला के प्रशिक्षित योग शिक्षक श्री पुष्करसिंह सिसोदिया ने बच्चों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों को योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास के बाद सभी अतिथियों द्वारा सांदीपनि विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा नवीन शाला भवन का अवलोकन किया। संस्था के प्राचार्य श्री दिलीप सिंह डाबी ने स्वागत भाषण में बताया कि हमारी शाला में नियमित बच्चों को योग एवं प्राणायाम की शिक्षा दी जाती है शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी बच्चों को सिखाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक श्री रतनलाल चौहान द्वारा किया गया एवं आभार सरपंच श्री परमानंद धनगर द्वारा माना गया।



## कन्या महाविद्यालय में योग कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार योग पोर्टल आयोजक के रूप में महाविद्यालय का पंजीयन किया गया। क्रीडा अधिकारी श्री मनीष पांचाल योग प्रशिक्षक द्वारा योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ एवं 35 छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम का संयोजन डा.उमा गगरानी प्राध्यापक हिन्दी ने किया एवं आभार माना।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र मंदसौर में योग व राजयोग साधना का आयोजन

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेवा केंद्र मंदसौर स्थित आत्म कल्याण भवन में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, समाजसेवी व बड़ी संख्या में साधकजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थितजनों ने शारीरिक योग क्रियाएं, श्वास-प्रश्वास साधनाएं एवं मानसिक संतुलन के लिए राजयोग ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर बीके श्यामा दीदी, बीके हेमलता दीदी सहित ब्रह्माकुमारी संस्था की कई वरिष्ठ बहनों ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया। उन्होंने योग के आध्यात्मिक स्वरूप, आत्मा-परमात्मा के संबंध और राजयोग की महत्ता पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। बीके श्यामा दीदी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, यह आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की विधि है, जिससे जीवन में शांति, शक्ति और स्थिरता आती है। बीके हेमलता दीदी ने बताया कि राजयोग हमें



नकारात्मक विचारों से मुक्त कर आत्म-साक्षात्कार की ओर ले जाता है। यही सच्चा योग है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने विश्व शांति, समाज कल्याण एवं मानव उत्थान की भावना से सामूहिक मौन साधना की। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के व्यापक संदेश को जन-जन तक पहुंचाना, आंतरिक शांति की अनुभूति कराना और राजयोग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना रहा।

# आदर्श ग्राम पिपलिया कराड़िया में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निर्देशन में 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर आदर्श ग्राम पिपलिया कराडिया में योग एवं ध्यान आयोजन संयुक्त विभाग जन अभियान परिषद, आयुष विभाग, सामाजिक एवं न्याय कल्याण विभाग, शिक्षाविभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं ग्राम पंचायत पिपलिया कराडिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयुष विभाग के अधिकारी भगवती प्रसाद कुशवाहा ने कहा योग से होने वाले लाभ एवं जीवन में निरोग रहे, इसलिए जीवन में व्यायाम जरूरी है। ग्राम वासियों को जानकारी दी। योग प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था के कार्यक्रम समन्वयक दिनेश सोलंकी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में हाई सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य श्री वैष्णव ने बताया कि हम 11 वर्षों से अंतराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं, यह हमारे लिए बड़े ही गर्व की बात है, इसलिए हमें हमेशा योग करना चाहिए ताकि स्वस्थ रहे। कार्यक्रम उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि अनिल सूर्यवंशी, रामविलास पाटीदार, शालिग्राम पाटीदार, भोपाल सिंह सिसोदिया, उम्मेदसिंह सिसोदिया, बलराम चौधरी, स्कूल विभाग के सभी शिक्षक स्वास्थ्य विभाग से संपत कच्छावा आंगनबाड़ी कार्यक्रता पूर्णिमा चौधरी, मंगला सोनी, गोपाल चौकीदार, छात्र एवं छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार ने हर्बल गार्डन में योग कराया

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार ने हर्बल गार्डन में योग दिवस मनाया और यहां अब योगाभ्यास रोज कराया जायेगा। समय प्रात: 6 से 9 बजे तक रहेगा। सुबह 6.30 से 8 एवं 8 से 9 बजे तक दो बार योग कक्षाएं संचालित होगी। स्वास्थ्य लाभ लेने के लिये रोज योग सीख सकते है। और योग के द्वारा शरीर को स्वस्थ रख सकते है। योग कक्षाओं में महिला पुरुष दोनों योग सीख सकते है और शरीर को स्वस्थ रख सकते है।

गायत्री परिवार ने स्वास्थ्य क्रांति के अंतर्गत शरीर को कैसे स्वस्थ कर सकते है। आने वाले समय में योग को एक या आधा घण्टे समय देना होगा। जैसे रोज बर्तन को साफ करते है उसी प्रकार हम योग के द्वारा शरीर को कैसे स्वस्थ कर सकते है। आज के समय में टाइम के अभाव में शरीर को हम बीमार कर रहे हे। हम अपने शरीर के लिये भी समय नहीं दे सकते है। योग के द्वारा ही शरीर को स्वस्थ रखा जायेगा। हर्बल गार्डन यज्ञ द्वारा हवन चिकित्सा रोज पिरामिड में होता है। स्वास्थ्य की 108 आहूतिया वाला हवन होता है। पिरामिड में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता परशुरामजी हवन करते है और स्वास्थ्य लाभ की भी आहुति देते है। हर्बल गार्डन में 14 प्रकार के ज्यूस दिये जाते है। करेला, गिलोय, गाजर, चुकंदर, मीठा आवला, सादा आंवला, नीम, मालटा, गिलोय, फलों का ज्यूस, फूलों का ज्यूस, बैल पत्र, लोकी, नींबू, एलोवेरा का आदि ज्यूस मिलते है। हर्बल गार्डन में स्वास्थ्य लाभ ले सकते है। हवन द्वारा एक्यूप्रेशर पर नंगे पैर घूमना घास पर नंगे पैर घूमना और योग द्वारा शरीर को स्वस्थ और बीमारी द्वारा ज्यूस दिया जाता है। बहुत कम शुल्क पर ज्यूस पिलाया जाता है। ताजा ज्यूस सुबह चार बजे ज्यूस तैयार किया जाता है और 6.30 से सेंटर चालू हो जाता है। गायत्री परिवार की बहनों के द्वारा ज्यूस सेंटर चलाया जा रहा है। गायत्री परिवार की बहन सुमित्रा, माया, दिव्या तीनों बहनों द्वारा सेंटर पर स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। और गौ नीर भी नि:शुल्क प्रात: 7.30 बजे से 11 बजे तक पिलाया जाता है। ज्यूस सेंटर का कैलाश पटेल को प्रभारी बनाया है। योग मधु बहन ने कराया और मांगीलालजी ने सारी जानकारी दी। योगेश सोम ने योग तैयारी में सहयोग प्रदान किया। समाजसेवी दिनेश पोरवाल ने योग शुरू होने पर धन्यवाद दिया और योग की सभी जानकारी दी।

# प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को पेंशनर्स 23 को सौंपेंगे ज्ञापन

**नीमच, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय आव्हान पर प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन जिला नीमच एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा नीमच के अगुवाई में 23 जून 2025 सोमवार को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर नीमच को सौंपेंगे।ज्ञापन में मार्च 2025 में केंद्र सरकार द्वारा पेंशनर्स के हितों पर कुठाराघात करने वाले केन्द्र सरकार द्वारा संसद से माह मार्च 2025 में पारित कराए गए वित्त विधेयक का विरोध किया गया। इस काले कानून का पुरे देश में पेंशनर्स द्वारा तीव्र विरोध करते हुए काले कानून को वापस लेने की मांग की गई है। पारित कराए गए वित्त विधेयक से पेंशनर्स में विभेद किया गया है। जो कि उच्चतम न्यायालय के पेंशनर्स के लिए दिए गए निर्णयों एवं निर्देशों के विपरित है।प्रस्तावित आंठवे वेतनमान की अनुशंसाओं का लाभ प्रदान करने में केन्द्र सरकार पेंशनर्स में भेदभाव करेंगी। इसके विरोध में पुरे देश में एक साथ 23 जून 2025 सोमवार को केंद्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के पेंशनर्स संगठनों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपने की कार्यवाही की जायेगी।इसी अनुक्रम में नीमच में प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन, पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा में सम्मिलित अन्य सहयोगी पेंशनर्स संगठनों म.प्र. विधुत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन, नगर निगम पेंशनर्स एसोसिएशन अन्य सहित एवं म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ तथा भारतीय मजदूर संघ के सहयोग से सौंपेंगा। मीडिया प्रभारी श्याम अग्रवाल ने बताया कि शमशेर सिंह तोमर, उप प्रांताध्यक्ष, कोमल भुतड़ा संभागीय अध्यक्ष,अनवर हुसैन अबेदिन संभागीय सचिव शम्भू लाल बगाडा जिला अध्यक्ष प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन, कैलाश चंद्र पालीवाल,वासुदेव ऐरन, घासी खां गांधी, रामेश्वर दास वैष्णव, जमनालाल पाटीदार, मोहनलाल सुधार, फजलुर्रहमान, बाबू लाल जैन, मांगी लाल जैन, दिनेश गुप्ता, छगनलाल बग्गड़, हिम्मत सिंह गुंदली कन्हैया लाल सोनी, लक्ष्मी लाल सोनी, गोपाल टेलर, देवराज राठौर,माधव लाल करवाड़िया, कन्हैयालाल लक्षकार,श्रीमती सुमित्रा टेलर रोशन लाल जैन श्रीमती सायरी शांतवन, अनिल गोयल प्रांतीय सचिव, राजेश पुरोहित संभागीय सचिव,देवेन्द्र पंवार जिला अध्यक्ष म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ देवराज मेघवाल सचिव, घनश्याम मेघवाल, शिवसिंह चुंडावत, गोपाल शर्मा जिला अध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ, भुपाल सिंह राठौड़ प्रांतीय सचिव, श्याम सुंदर बैरागी जिला अध्यक्ष म.प्र.विधुत मंडल ,सुरजमल आर्य सचिव घीसालाल जोशी उपाध्यक्ष, देवीलाल हाड़ा, कोषाध्यक्ष मदनलाल बोरीवाल, श्यामा देवी विश्वकर्मा महिला अध्यक्ष,भवंरबाई गुर्जर उपाध्यक्ष आदि ने समस्त पेंशनर्स से ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



# विधि महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मन्दसौर में दिनांक 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। योग गुरू श्री बंशीलाल टांक द्वारा सभी से योग करवाया गया एवं योग का हमारे जीवन में क्या योगदान है इस विषय में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव श्री रघुवीरसिंह चुण्डावत उपस्थित रहें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्री विनोद कुमार पाटीदार, प्राध्यापकगण डॉ. सीमा श्रीमाल, प्रो. हेमलता चौहान, प्रो. चंचल शर्मा, प्रो. साक्षी माली, प्रो. बहादुरसिंह डावर, डॉ. रूचि कुंवर देवड़ा, श्री सुनील बड़ोदिया, प्रो. ईश्वर प्रजापति, प्रो. करण आर्य, प्रो. पूजा चुण्डावत लेखापाल श्री दीपक बैरागी, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री कुलदीप वर्मा, लिपिक सुश्री चेतना धनगर, स्टॉफ मेम्बर श्री कन्हैयालाल कड़ोतिया, श्री शांतिलाल चौहान, श्री गोपाल ढेबाना, श्री महेश जोशी, श्री ओमसिंह जाट एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

# योग मित्र मंडल ने मनाया योग दिवस

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय ग्रिनफिल्ड स्कूल परिसर में योग मित्र मंडल द्वारा योग दिवस मनाया गया। योग गुरु



राजेन्द्र गुलाटी के मार्गदर्शन में प्रात: कालीन योग मित्र मंडल के लगभग 30 सदस्यों ने विभिन्न योगिक क्रियाएं आसन,प्राणायाम आदि का अभ्यास कर योग दिवस मनाया। इस अवसर योग गुरु गुलाटी ने बिगड़ती जीवन शैली के परिणामस्वरूप होने वाली गम्भीर बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वस्थ शरीर एवं निरोगी काया के लिए योग की उपयोगिता कितनी प्रासंगिक है विषय पर विचार व्यक्त किये। आपने बताया कि आज के दौर में योग प्रत्येक व्यक्ति के लिए अहम है हम आर्थिक रूप से आगे बढ़ने की प्रतिस्पर्धा में स्वयं के लिए जरा भी समय नही निकाल पा रहे है जो चिंता का विषय है। हमे योग को अपनी दिनचर्या में अनिवार्य रूप से सम्मिलित करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि योग मित्र मंडल के लगभग 30 सदस्य प्रतिदिन ग्रीन फील्ड स्कूल में नियमित योग करते है। योग प्रशिक्षक श्री गुलाटी नियमित अपनी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान करते है। योग मित्र मंडल का यह प्रयास नि:सन्देह समाज के लिए प्रेरणादायक है। योग दिवस के मौके पर मनोज गांधी,रत्नेश हिंगड़, ललित ओझा नलिन गांधी तरूण बसेरआदि उपस्थित थे।

# संघर्ष और मेहनत की जीत: पिता के संघर्ष ने लिखा बेटी की सफलता का नया अध्याय

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर के जनता कॉलोनी निवासी शिवनारायण भाटी ने अपने कठिन परिश्रम और संघर्ष से अपनी बेटी साक्षी भाटी



की सफलता की एक प्रेरणादायक कहानी लिखी है। पेशे से सलून का कार्य करने वाले शिवनारायण ने आर्थिक तंगी और तमाम चुनौतियों के बावजूद अपनी बेटियों की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। उनकी बड़ी बेटी साक्षी भाटी ने हाल ही में SBI ऑफिसर भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल कर न केवल अपने सपनों को साकार किया, बल्कि पिता के संघर्ष को गौरव प्रदान करते हुए समाज में एक मिसाल कायम की।

**संघर्ष और मेहनत की जीत**–शिवनारायण भाटी अपनी छोटी सी दुकान की आय से परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि उनकी पत्नी रेखा भाटी घरेलू कार्यों के माध्यम से परिवार की आर्थिक सहायता करती हैं। तीन बेटियों के पिता शिवनारायण ने हमेशा अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा और बेहतर संस्कारों से समृद्ध करने पर जोर दिया। उन्होंने साक्षी को शासकीय सेवा में बड़े पद पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया। साक्षी ने अपने पिता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए कड़ी मेहनत और लगन से ड्झख ऑफिसर के रूप में चयनित होकर इतिहास रच दिया।

**साक्षी का प्रेरणादायक संदेश**–हमारे संवाददाता से बातचीत में साक्षी ने कहा, 'मेरे माता-पिता ने तमाम कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन हमें हमेशा बेहतर शिक्षा और संस्कार दिए। मैं परिवार में सबसे बड़ी बेटी हूं और मेरी दो छोटी बहनें हैं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं, वह मेरे माता-पिता के परिश्रम और संघर्ष का नतीजा है। मैं समाज को यह संदेश देना चाहती हूं कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। हमें ऐसे लक्ष्य हासिल करने चाहिए जो परिवार को हर तरह से मजबूती प्रदान करें। यह मेरी अंतिम मंजिल नहीं है, मैं प्रशासनिक सेवा में और प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगी।'

**पिता-माता का गर्व और आशीर्वाद**–पिता शिवनारायण भाटी ने बेटी की सफलता को ईश्वर की कृपा और उसकी मेहनत का फल बताया। माता रेखा भाटी ने भावुक होकर कहा, 'ऐसी बेटी ईश्वर सबको दे। यह साक्षी की मेहनत और लगन का परिणाम है।' इस अवसर पर शिवनारायण के मित्रों और शुभचिंतकों, जिनमें सतीश नागर, विक्रम सिंह पंवार, राजू गहलोत, मुकेश जाट, नरेंद्र नायक, राजेश त्रिवेदी, मनोज टेलर आदि शामिल थे, ने साक्षी को सम्मानित कर बधाई दी। यह कहानी लाखों गरीब परिवारों और बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। यह साबित करता है कि मजबूत इरादों और कठिन परिश्रम के साथ कोई भी मंजिल असंभव नहीं है। साक्षी की उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे मंदसौर जिले के लिए गर्व का विषय है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ सम्पूर्ण नीमच जिला

## लोगों ने किया योग एवं प्राणायाम, मुख्य अतिथि विधायक परिहार एवं कलेक्टर, एसपी हुए शामिल

**नीमच, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर योग एवं प्राणायाम के कार्यक्रम वृहद स्तर पर आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधिगण, स्वंयसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं योग संस्थाओं, अधिकारी-कर्मचारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ चढकर बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग और प्राणायाम किया। जिले में हजारो की संख्या में लोगों द्वारा योग एवं प्राणायाम करने की जानकारी मिली है।



एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य। के लिए योग थीम पर जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम शनिवार 21 जून 2025 को जिला मुख्यालय नीमच के सी.एस.व्ही .अग्रोहा भवन नीमच में आयोजित किया गया। मुख्य0 अतिथि नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, , कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एंव एसपी श्री अंकित जायसवाल ने योग एवं प्राणायाम के कार्यक्रम में शामिल होकर योग एवं विभिन्न आसनों के साथ प्राणायाम किया। योग साधक श्री रवि पोरवाल ने योग एवं प्राणायाम के विभिन्न आसनों को प्रस्तुत किया। सी.एस. व्ही्.अग्रोहा भवन नीमच में मंच के साथ ही प्रोजेक्टर, एलईडी स्क्रीन, पर केंद्र स्तरीय एवं राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्रच मोदीजी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा लाईव प्रसारण भी किया गया।जिसे उपस्थितजनों ने देखा व सुना। योग कार्यक्रम में विभिन्न स्वंय सेवी संस्थाओं ने अपनी भागीदारी की। मुख्य रूप से स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थीगण, शासकीय अधिकारी कर्मचारीगण, एवं योग प्रेमियों, योग संस्थाओं के पदाधिकारियों, सहित विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम श्री संजीव साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया . जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुजानमल मांगरिया,डीपीसी श्री दिलीप कुमार व्यास एवं शिक्षकगण तथा विभिन्न योग संस्थाओं से जुडे योग प्रेमी भी उपस्थित थे। प्रारंभ में जिला शिक्षा अधिकारी श्री मांगरिया ने सभी अतिथियों को स्वागत किया, कार्यक्रम का संचालन अरुण सोलंकी ने किया अंत में आभार जिला शिक्षा अधिकारी ने किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 7 | 2101 | 2161 |
| उडद | 15 | 4300 | 4900 |
| सोयाबीन | 2966 | 3950 | 4380 |
| गैहु | 3034 | 2350 | 2730 |
| चना | 204 | 5100 | 5470 |
| मसुर | 65 | 5858 | 6450 |
| धनिया | 49 | 5200 | 7270 |
| लहसुन | 13000 | 3150 | 9201 |
| मैथी | 234 | 3600 | 4671 |
| मुंगफली | 400 | 4381 | 5340 |
| अलसी | 788 | 6651 | 7310 |
| सरसो | 203 | 6201 | 6401 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 34 | 9300 | 11601 |
| प्याज | 1040 | 250 | 1360 |
| कलोंजी | 2 | 19399 | 19399 |
| तुलसी बीज | 9 | 9102 | 14481 |
| डॉलर | 19 | 6400 | 7772 |
| तिल्ली | 110 | 7215 | 8800 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 1 | 2280 | 2280 |
| असालीया | 0000 | 0000 | 0000 |
| चियाबीज | 8 | 10001 | 14600 |

# अतिवर्षा और बाढ़ से निपटने के लिए विभाग सौंपी गई जिम्मेदारी के अनुरूप कार्यवाही करें-मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने मानसून के दृष्टित बाढ़ से निपटने की पूर्व तैयारियों के संबंध में विभागवार अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी के अनुरूप कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बाढ़ उन्मुख जिले, पिछले तीन वर्षों र्की वर्षा के आकड़े और आगामी मानसून काल 2025 के वर्षा संबंधित पूर्व अनुमानों की जानकारी से विभागों को अवगत करया गया है। विभागीय अधिकारी उनको सौपे गये दायित्वों संबंधी सभी आवश्यक कार्यवाहियों को 25 जून तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पोरवाल ने बताया कि सभी विभागों को आवश्यक निर्देश भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गृह विभाग आपदा प्रबंधन के लिए नोडल विभाग है। अतिवर्षा और बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य की स्थिति में गृह विभाग एसडीईआरएफ, एनडीईआरएफ और सेना से समन्वय स्थापित करके आवश्यक कार्यवाही करता है। विभाग के प्रमुख दायित्व पुलिस और होमगार्ड के पास उपलब्ध मोटर वोट आदि बाढ़ बचाव सामाग्रियों को तैयार हालात में रखना पुलिस और होमगार्ड के जवानों को बाढ बचाव से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। राजस्व विभाग सभी कलेक्टर्स को बाढ़ पूर्व तैयारियों के संबंध में निर्देश और चेक लिस्ट जारी करेगा। चेक लिस्ट में आपदा संवेदनशील क्षेत्रों का आकलन, बाढ़ उन्मुख नदियाँ, बडे बांधों की सूची, बाढ के मुख्य कारण, पूर्व सूचना और प्रचार-प्रसार की प्रणाली, आपातकालीन कार्यवाहियों आदि के विषय में कार्यवाही करने के लिए सभी संभाग आयुक्तों और कलेक्टर्स को निदेश दिए गए। अतिवर्षा और बाढ़ से बचाव के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को कहा गया है कि विभाग निचले स्थानों की पहचान करेगा, अतिवर्षा के कारण नदी-नाले उफान पर होने के कारण इसकी सूचना कंट्रोल रूम को देगा। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण सड़कों के संबंध में ऐसे पुल पुलिया या रपटे जो पानी में डूबते हैं उनका चिन्हांकन करेगा।



निचले क्षेत्रों, रपटों की पहचान कर बोर्ड लगाकर मार्किंग कराएं। बोर्ड लगाने के साथ-साथ वेरियर और एक व्यक्ति की नियुक्ति की जाए। जल संसाधन विभाग को राज्य में स्थित सभी बांधों, तालाबों के तटबंधों की सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण और वर्षा पूर्व आवश्यक मरम्मत नदियों के जल स्तर की निगरानी, बांधों के जल स्तर की निगरानी, पानी छोडने की जानकारी संकलित करना शामिल है। विभाग के द्वारा 15 जून से 15 अक्टूबर तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24×7 संचालित किया जाएगा। बांधों के गेट खोलने और बाढ़ रोकने के लिए बेहतर जल प्रबंधन के दृष्टिगत अंतर्राज्यीय बैठकें भी आयोजित की जाती है। मुख्य सचिव ने इस संबंध में निर्देश दिए कि अपरिहार्य परिस्थितियों में बांधों से पानी छोडने से प्रभावित क्षेत्रों और संबंधित विभागों की मेपिंग की जाकर पूर्व सूचना दी जाने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करें। बांधों में जलभराव का स्तर मेनटेंन रखा जाए और प्रिडिक्शन लेवल समय से जारी किए जाएं ताकि बाढ़ से बचाव हो सके। सभी जलाशयों और नदियों के संबंध में बाढ़ के स्तर की सघन मानिटरिंग की जाए ताकि समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। इस संबंध में नर्बदाघाटी विकास प्राधिकरण को कहा गया है कि बडे बांधों में पानी छोड़ने का समन्वय, कंट्रोल रूम की स्थापना, डूब क्षेत्र में हुई अनाधिकृत बसाहटों को हटवाना सुनिश्चित करें। जलाशयों के गेट खोले जाने पर बाढ़ का जल निचले क्षेत्र की बस्तियों में पहुंचने संबंधित सूचना का प्रचार-प्रसार समय पूर्व किया जाए।

अतिवर्षा और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का दायित्व है कि वह बाढ़ के संभावित क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा और दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। बाढ़ की स्थिति में आपातकाल में उपयोग के लिए चिकित्सा दलों के गठन, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फेलने वाली बीमारियों से बचाव की तैयारी रखेगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता का परीक्षण बाढ़ के संभावित क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। विभाग दूषित पेयजल संरक्षित कर शुद्धिकरण किया जाना सुनिश्चित करेगा। विभाग शुद्ध पानी के लिए क्लोरिन टेवलेट के वितरण और उसके उपयोग के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। नगरीय विकास और आवास विभाग नगरीय क्षेत्र में नाले और नालियों की सफाई की व्यवस्था, जल निकासी के स्थल, नालों के उपर से अतिक्रमण हटाना, निचली बस्तीयाँ खाली करवाना और अस्थाई केम्पों के लिए स्थलों का चिन्हांकन करेगा। साथ ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, कर्मचारियों का प्रशिक्षण, बाढ़ बचाव के लिए सामग्री का चिन्हांकन भी सुनिश्चित करेगा। इसके साथ ही खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, महिला बाल विकास विभाग, ऊर्जा, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, पशुपालन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को भी अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयारियाँ रखने के लिए कहा गया है।



# मंदसौर सीए ब्रांच द्वारा पीयर रिव्यू ट्रेनिंग पर सेमिनार का सफल आयोजन

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस। मन्दसौर ब्रांच द्वारा छोटे से समय में पीयर रिव्यू सर्टिफिकेशन कोर्स का सफल आयोजन इस ब्रांच की एकजुटता को प्रदर्शित करता है। वरिष्ठ साथियों के अनुभव व युवा सीए के जोश से परिपूर्ण यह ब्रांच निरन्तर नये आयामों को छू रही है।**

उक्त विचार दी इंस्टीव्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया के सेन्ट्रल कौंसिल सदस्य सीए अभय छाजेड ने दि इंस्टीव्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के अंतर्गत पीयर रिव्यू बोर्डद्वारा मन्दसौर में आयोजित पीयर रिव्यू ट्रेनिंग सेमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। सीए अभय छाजेड ने यह भी आश्वस्त किया कि निकट भविष्य में फॉरेन अकाउंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फिनटेक जैसे उभरते विषयों पर भी सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। ब्रांच चेयरमैन सीए राजेश मंडवारिया ने बताया कि पीयर रिव्यू का तात्पर्य यह सुनिश्चित करना है कि चार्टर्ड अकाउंटेंटस द्वारा किए जा रहे कार्य आईसीएआई द्वारा निर्धारित तकनीकी एवं नैतिक मानकों के अनुरूप हों। यह प्रक्रिया न केवल गुणवत्ता बढ़ाती है बल्कि प्रोफेशनल उत्तरदायित्व को भी मजबूती प्रदान करती है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सीए सदस्यों को पीयर रिव्यूअर सर्टिफिकेशन कोर्स के लिए तैयार करना तथा पेशेवर गुणवत्ता मानकों को सुदृढ़ करना होता है। इस प्रकार का कोर्स मन्दसौर में प्रथम बार आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सीए चेतन गुप्ता द्वारा दिल्ली से पधारे मुख्य वक्ता सीए आयुष जैन के परिचय से हुई। सीए आयुष जैन ने पीयर रिव्यू से जुड़े विभिन्न फॉर्म्स, उनकी भरने की प्रक्रिया, समयसीमाएं, एवं रिव्यू के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी स्पष्टकिया कि पीयर रिव्यू किन फर्म्स पर और किन चरणों में लागू होता है। दूसरे सत्र में वक्ता सीए अनुरुद्ध तिवारी का परिचय सीए अंकित नागर ने दिया। सीए अनिरुद्ध तिवारी ने ऑडिटिंग स्टैंडर्ड, क्वालिटी कंट्रोल, ऑडिट डॉक्युमेंटेशन और एविडेंस मैनेजमेंट जैसे विषयों पर अत्यंत उपयोगी एवं व्यावहारिक जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि प्रभावी ऑडिट के लिए उचित पूर्व नियोजन और व्यवस्थित डॉक्युमेंटेशन अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सीए विनय अग्रवाल, सीए अर्पित नागर, सीए अर्पित मेहता, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, सीए विकास भंडारी, सीए रितेश पारीख, सीए मयंक जैन, सीए सुबोध सिंघल, सीए आशीष जैन, सीए नितिन देवनानी एवं सीए प्रीति जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीए रोहन सोमानी ने कुशलतापूर्वक किया एवं आभार प्रदर्शन ब्रांच सचिव सीए नीतेश भदादा द्वारा किया गया।



# विधायक मारू ने योग दिवस कार्यक्रम में शिरकत की

**मनासा, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** योग एक ऐसी विधा है जो हमे स्वस्थ्य रखती है योग हमारी प्राचीन ऋषिमुनियों की संस्कृति का अहम हिस्सा है जो कि लगातार प्रचलित है योग से ऋषि मुनियों ने सिद्धियां प्राप्त की आज भले हम सिद्धियां प्राप्त नही कर सकते है लेकिन बीमारी को आने से पहले उसे रोकने का काम योग से कर सकते है।

हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने योग की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर तक बनाई और उसके बाद विश्व भर में 21 जून योग दिवस के रूप में जाना जाने लगा। यह बात कृषि उपज मंडी परिसर में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। एसडीएम पवन बारिया सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधी, गणमान्य नागरिक ओर विद्यार्थियों की उपस्थिति में योग दिवस कार्यक्रम हुआ। योग एक ऐसी क्रिया है जो आपको निरोगी रखने सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी है। आप निरन्तर योग करते है तो आपकी मस्तिष्क की शक्ति भी बढती हैं आपकी याद रखने की शक्ति बढती है आप अपने दैनिक जीवन मे तय कर ले हमें रोज मिनिमम आधा घण्टा योग करना है उससे आपकी एकाग्रता बढ़ेगी, आपकी सोचने की शक्ति बढ़ जाएगी ओर स्वस्थ्य भी ठीक रहेगा। हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर भविष्य में आने वाले परेशानियों से बच सकते है इसलिए आप सभी योग अवश्य करे।

# शहर ब्लॉक, ग्रामीण ब्लॉक व दलौदा ब्लॉक कांग्रेस की कांग्रेस संगठन सृजन बैठक संपन्न

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस पार्टी में नई जान डालने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत हरियाणा व मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री मनीष यादव, पीसीसी पर्यवेक्षक, राजकुमार उपाध्याय पिछले कई दिनों से मंदसौर जिले के हर ब्लॉक में जा कर कार्यकर्ताओं से नए जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए उनकी राय जान रहे हैं।

शनिवार को मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस व मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस की जिला मुख्यालय स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से वन टु वन चर्चा कर उनकी राय जानी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदार भी लोगों से मिल कर अपने पक्ष में पर्यवेक्षकों से बात कहने का आग्रह किया। वैसे जिला कांग्रेस कार्यालय में सुबह से ही शहर ब्लॉक व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ रही। इस वन टु वन चर्चा में केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री मनीष यादव व पी सी सी पर्यवेक्षक श्री



राजकुमार उपाध्याय सुबह से ही जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से वन टु वन चर्चा कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के दावेदारों के बारे में राय जानी व संगठन कैसे मजबूत हो इस के बारे में भी कुछ प्रश्न कार्यकर्ताओं से किए। वैसे कांग्रेस संगठन सृजन का यह आज अंतिम दिन था। आज शनिवार को सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस व मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस की बैठक चली उसके बाद पर्यवेक्षकगण दलोदा ब्लॉक की बैठक लेने नांदवेल गांव पहुंचे। यहां पर कांग्रेस की बैठकों में कार्यकर्ताओं से वन टु वन चर्चा कर उनके विचारों को सुना यहां नांदवेल गांव में कार्यकर्ताओं ने लाइन लगाकर पर्यवेक्षकों से मिलकर दावेदारों के बारे में अपनी बात रखी। यह वन टु वन चर्चा देर रात तक चलती रही। मंदसौर जिले के 13 ही ब्लाक की बैठकों की रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को पर्यवेक्षक सौंपेंगे। आज तीनों ब्लॉक कांग्रेस की बैठकों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन उपस्थित रहे साथ ही इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठगण, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी मंडलम, सेःटर, के कार्यकर्ता गण, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व महिला कार्यकर्ता व पदाधिकारी सभी इस अवसर पर उपस्थित थे।



# विधायक मारु ने ओपन जिम का शुभारम्भ किया

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधायक अनिरूद्ध माधव जी मारू ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामतलाई पर लगी ओपन जिम का निरीक्षण एवं शुभारंभ कर उसे मनासा नगर को समर्पित किया। स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे नगरवासियों को स्वास्थ्य एवं फिटनेस के लिए एक सुंदर एवं सुलभ वातावरण प्राप्त होगा। रामतलाई का मनोरम दृश्य आज और भी आलोकिक एवं आकर्षक प्रतीत हुआ, जहाँ प्रकृति की गोद में योग, व्यायाम और स्वास्थ्य का संगम हुआ। यह ओपन जिम न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं और नागरिकों को नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित भी करेगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष विजय जी शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय जी तिवारी एवं पार्षदगण कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

# डॉ. नीगवाल को स्थानांतरण पर दी विदाई

**सुवासरा, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाराणा प्रताप महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर भूरसिंह नींगवाल का नगर के प्रेस क्लब एवं सभी सामाजिक, धार्मिक, संस्थाओं के द्वारा स्थानांतरण के अवसर पर विदाई समारोह किया गया। डॉक्टर नींगवाल पिछले 5 वर्षों र्से शासकीय कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे थे। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा इकाई योजना के अंतर्गत छात्रों को ट्रेनिंग देकर राष्ट्रीय स्तर तक महाविद्यालय का नेतृत्व करने का कार्य नींगवाल द्वारा किया गया।



नींगवाल ने महाविद्यालय में समाजशास्त्र विषय के माध्यम से विद्यालय के छात्रों को मार्गदर्शन दिया। डॉक्टर निगवाल अब झाबुआ के शासकीय महाविद्यालय में अपनी सेवाएं देंगे। किंग ऑफ ओल्ड पलासिया परिसर में शुक्रवार की शाम 7:00 बजे सिद्धि विनायक गणपति मंदिर परिसर में प्रेस क्लब एवं सभी सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के द्वारा डॉक्टर निगवाल का शाल श्रीफल, साफा बांधकर और पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक राजेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, वरिष्ठपत्रकार रामगोपाल सोनी, अध्यक्ष संजय फरक्या, उपाध्यक्ष मनीष जैन, अनिल धनोतिया राहुल व्यास, सुरेश गुप्ता, दीपक मकवाना, अम्मारअली, तहां बारूद वाला, राजेश पोरवाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष भगवतीलाल मोदी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष नेपालसिंह सिसोदिया, मनीष सोनी, सचिन सोनी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राम सिंह मेहर सहित बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।

# महर्षि गौतम महिला सोशल ग्रुप ने स्थापना दिवस मनाया

**मंदसौर, 21 जून गुरु एक्सप्रेस।** गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज की महिलाओं की संस्था महर्षि गौतम महिला सोशल ग्रुप, मंदसौर द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में एक सादगीपूर्ण लेकिन प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समूह की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाजसेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। ग्रुप की संयोजिका सोमलता जोशी ने संगठन की स्थापना से लेकर अब तक की सामाजिक गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। समूह द्वारा महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में समाजहित में और अधिक कार्य करने का संकल्प लिया। ग्रुप द्वारा एक नए सेवा प्रकल्प की भी घोषणा की गई, जो स्थानीय महिलाओं और बच्चों के हित में कार्य करेगा। इस अवसर पर श्रीमती सोमलता जोशी, अमिता जोशी, सीमा शर्मा, किरण शर्मा, आराधना शर्मा, रश्मि तिवारी, प्रीति पुरोहित, पुष्पा पुरोहित, संतोष शर्मा, श्रद्धा दीक्षित, सरिता जोशी, अरुणा व्यास, गीता शर्मा, कृष्णा जोशी, राजश्री शर्मा, रमा शर्मा, सोनल शर्मा, टीना तिवारी, सुनीता शर्मा, पिंकी शर्मा, मोनिका जोशी आदि उपस्थित थीं।

# हाई कोर्ट में जुलाई से होगी नर्सिंग प्रकरण की सुनवाई, ला स्टूडेंट एसोसिएशन की मांग पर हुई व्यवस्था

**जबलपुर, 21 जून। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन व न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल की युगलपीठ ने प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कालेज फर्जीवाड़े से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई जुलाई माह से अब दिन-प्रतिदिन करने की व्यवस्था दी है। कोर्ट ने साफ किया कि यह प्रदेश के स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है। ऐसे में, 3 जुलाई से रोजाना सुनवाई की जाएगी।**

### हाई कोर्ट में नर्सिंग प्रकरण की सुनवाई

दरअसल, लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से मामले का जल्द निराकरण करने का अनुरोध किया गया था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि नर्सिंग मामले में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की जनहित याचिका को सभी नर्सिंग मामलों का लीड केस मानते हुए सुनवाई की जाएगी। कोर्ट ने रजिस्ट्री को निर्देशित किया कि कोई भी नर्सिंग से संबंधित प्रकरण जो भविष्य में सुनवाई हेतु पेश किए जाते हैं तो उनकी एक प्रति याचिकाकर्ता को भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**अधिकारियों की अनुपस्थिति पर फटकार**–उल्लेखनीय है कि विगत 3 साल



से हाई कोर्ट में नर्सिंग घोटाले की सुनवाई हो रही है। हाई कोर्ट की मॉनिटरिंग में हुई सीबीआई जांच के बाद अब मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की संख्या 200 के आसपास रह गई है। मामले में इतनी बड़ी संख्या में अपात्र कॉलेजों को मान्यता देने वाले अधिकारियों और अपात्र कॉलेजों के विरुद्ध कार्रवाई होना शेष है। विगत सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल की सचिव और एमपी नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार व चेयरमैन को अगली सुनवाई के दौरान हाजिर होने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों की अनुपस्थिति पर हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। दोनों की ओर से हाजिरी माफी के आवेदन पर भी कोर्ट ने सुनवाई नहीं की।

# सुवासरा तहसील परिसर में जल्द शुरु होगी रियायती वाई-फाई सेवा

### ग्रामीण पक्षकारो को मिलेगा सीधा लाभ

**सुवासरा, 21 जून गुरु एक्सप्रेस। लोग अब सुवासरा तहसील कोर्ट में अपने प्रकरणो की सुनवाई के लिए जाएंगे तो उन्हें तारीख पूछने या आदेश की कॉपी के लिए बाबुओं के चक्कर नहीं काटने होंगे। यहां रियायती दरों पर तेज वाई-फाई सुविधा देने के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। यह सुविधा प्रारंभ होने से ग्रामीण पक्षकारो को सीधा लाभ मिल सकेगा।**

दरअसल प्रदेश में 46 जिलों की 178 तहसील न्यायालय में यह सुविधा शुरु की जा रही है। काम तय समय में हुआ तो अगले छह महीने में ये सुविधा जमीन पर दिखने लगेगी। हाईकोर्ट की योजना प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) फ्रेमवर्क के तहत लागू होगी, जिसमें लोग बेहद कम कीमत पर इंटरनेट डेटा खरीद सकेंगे। जैसे 5 या 10 रुपये में कुछ मिनट या एमबी डेटा, जो अदालत परिसर में ही तेज स्पीड के साथ चलेगा।

### वाई-फाई से आम आदमी को होगा फायदा...

दरअसल, तहसील न्यायालय में आरसीएमएस (रेवेन्यू कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम) पहले से लागू है। लेकिन, अधिकतर लोग इसका फायदा नहीं उठा पाते। क्योंकि, उन्हें सही जानकारी नहीं मिलती या इंटरनेट की समस्या आ जाती है। कोर्ट कैंपस में ही तेज और सस्ता वाई-फाई उपलब्ध हो जाए तो लोग आरसीएमएस पोर्टल खोलकर अपने प्रकरण का स्टेटस देख सकते हैं, अगली तारीख जान सकते हैं। आदेश की कॉपी डाउनलोड कर सकते हैं और जरूरी दस्तावेज भरकर ऑनलाइन जमा भी कर सकते हैं।

### हर मोबाइल में इंटरनेट फिर भी इसकी जरूरत इसलिये...

सुवासरा के किसान कानसिंह सौंधिया ने बताया कि आज हर मोबाइल में डेटा तो होता है। लेकिन, कई तहसीलों में ठीक से नेटवर्क ही नहीं आता। धीमा इंटरनेट होने से किसान ऑनलाइन जानकारी नहीं निकाल पाता। कई बार तो काम करते-करते डेटा खत्म हो जाता है। वाई-फाई में ये समस्या नहीं होगी। तेज स्पीड में वाई-फाई मिलेगा तो हम खुद अपने केस की तारीख देख लेंगे। ऑर्डर की कॉपी भी डाउनलोड कर लेंगे और भी काम जो धीमे इंटरनेट की वजह से नहीं हो पाते हैं, वह भी फटाफट हो जाएंगे।

### लेडी डॉक्टर के निलंबन की चर्चा... पेज 1 से जारी

दिया गया है। इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए डॉ मानावत ने बताया कि वे उस समय आपातकालीन चिकित्सा कार्य में व्यस्त थीं और उसी के चलते बैठक में समय पर पहुंचना संभव नहीं हो पाया। सीएमएचओ डॉ चौहान ने बताया कि डॉ मानावत ने अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया था और स्थिति से कलेक्टर को अवगत कराया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि डॉ मानावत का कार्य अब भी नियमित रूप से जारी है और विभाग की ओर से कोई निलंबन जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मंदसौर**

महू-नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मंदसौर, E-mail-: eephedmas@mp.nic.in

**NIT NO. 06/2024-25**

क्रमांक-1392/व.ले.लि./का.यं./2025 मंदसौर, दिनांक - 18.06.2025

निम्नलिखित कार्य आमंत्रण सूचना वेबसाईट www.mptender.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| टेण्डर आई. डी.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपयों में) | 1. अर्नेस्टमनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्रमांक | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_431886_1 | मंदसौर जिले के विकासखंड मल्हारगढ़ में हैंडपंप सुधार एवं संधारण कार्य केवल मजदूरी मय हैंडपंप मैकेनिक कार्य बी.ओ.क्यू. अनुसार संपादित करना | 929900.00 | 1. 18598.00 2. पंचम आमंत्रण | 12 माह | 02.07.2025 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाईन उक्त बेवसाईट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(पी.के. गोगादे)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. खंड, मंदसौर
फोन नं.-07422232190

G-14619/25 देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले।



**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

**रविवार 22 जून को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-✲ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✲ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✲ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✲ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✲ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✲ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✲ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✲ बच्चों व बुजुर्गों की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✲ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✲ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण -सूचना**

मंडल की आवासीय कालोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक एमआईजी.सी-06 जो श्री देवेशकुमार पाटीदार पिता श्री रामचंद्र पाटीदार को मंडल आदेश क्रमांक 106 दिनांक 22.01.2025 द्वारा नामांतरित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती शिवकन्या मोदी पति श्री कैलाशचंद्र मोदी को कर विक्रय पत्र दिनांक 10.03.2025 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती शिवकन्या मोदी पति श्री कैलाशचंद्र मोदी अपने नाम करवाना चाहती है।

अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती शिवकन्या मोदी पति श्री कैलाशचंद्र मोदी के नाम से कर दिया जावेगा। उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in